तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 29 नवंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4

53 गजराज जा धमके थे बस्ती के पास ग्रामीणों की थम गई थी सांसे, वन विभाग ने किया रेस्क्यू



## खबर संक्षेप

### अपर कलेक्टर देवेन्द्र को अपीलीय अधिकारी का प्रभार

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा प्रशासनिक व्यवस्था के दृष्टिकोण से पूर्व में जारी कार्य विभाजन आदेश में आंशिक संशोधन किया गया है। जारी संशोधित आदेश के अनुसार सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत अपर कलेक्टर देवेन्द्र पटेल को अपीलीय अधिकारी और संयुक्त कलेक्टर ओंकार यादव को कार्यालय कलेक्टर के लिए जन सूचना अधिकारी का प्रभार अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त सौंपा गया है।

### अभ्यर्थियों का प्राक्चयन परीक्षा 2 दिसंबर को

**कोरबा।** प्री0 मेडिकल एवं प्री0 इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु अभ्यर्थियों के चयन के लिए जिला स्तर पर आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। जिलों सेपरीक्षण उपरांत पात्र पाये गये अभ्यर्थियों का प्राक्चयन परीक्षा 2 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक प्रयास बालक आवासी विद्यालय सड्डू उरकुरा मार्ग रायपुर में आयोजन किया जा रहा है। प्राक्चयन परीक्षा में शामिल होने हेतु पात्र अभ्यर्थियों की सूची विभागीय वेब साईट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डाट ट्रायबल डाट सीजी डाट इन पर अपलोड है। साथ ही पात्र अभ्यर्थियों को निर्देशित किया गया है कि इसी वेबसाईट पर अभ्यर्थी प्रवेश पत्र डाउनलोड कर अपना रोल नंबर, स्वयं सत्यापित फोटो तथा संपूर्ण विवरण भरकर स्वयं परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होवें।

### अपंजीकृत पेट शॉप एवं ब्रीडिंग सेंटर का पंजीयन कराने के संबंध में निर्देश

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी नियमों के अंतर्गत पालतू पशु दुकान एवं डॉग ब्रीडिंग सेंटर को संचालन दिनांक के 60 दिवस के भीतर पालतू पशु दुकान नियम 18 की कंडिका 3 (ख) के तहत छ0ग0 जीव जंतु कल्याण बोर्ड में पशु प्रजनन एवं विपणन नियम 2017 के अंतर्गत पंजीयन कराया जाना अनिवार्य है। पालतू पशु दुकान नियम 2018 के तहत पालतू पशु अंतग्त श्वान, बिल्ली, खरगोश, मिनी पिग हेम्स्टर, मूसक, चूहिया तथा पिंजरा बंद पक्षी (एक्जॉटिक रंगीन चिड़िया) शामिल हैं। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें कोरबा से प्राप्त जानकारी के अनुसार समस्त संचालित अपंजीकृत पशु दुकानों एवं ब्रीडिंग सेन्टर संचालकों को सूचित किया गया है कि वे 15 दिवस में छ0ग0 जीव जंतु कल्याण बोर्ड में अपना पंजीयन अवश्य करावें। अन्यथा नियमानुसार निषेध की कार्यवाही की जायेगी। पंजीयन हेतु समस्त जानकारी कार्यालय उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें कलेक्टोरेट परिसर कोसाबाड़ी कोरबा से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

### एक दिवसीय जिला स्तरीय योगासन खेल स्पर्धा 7 को

**कोरबा।** योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन जिला के द्वारा महिलाओं के लिए एक दिवसीय जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का 7 दिसंबर को सुबह 9 बजे से गीतांजली भवन पुराना बस स्टैंड में आयोजित की गई है। जिसमें 14 से 17 वर्ष, 18 से 24 वर्ष, 25 से 35 वर्ष, 36 से 45 वर्ष तक महिलाओं के लिए अलगअलग आयु वर्ग का विभाजन किया गया है। जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने योग कौशल का प्रदर्शन कर योगासन खेल को आगे बढ़ाने में अपनी सहभागिता अवश्य सुनिश्चित करें। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अपना अग्रिम पंजीयन पूजा हार्डवेयर एवं पतंजलि चिकित्सालय निहारिका से करा सकते हैं।

# मनरेगा में जॉब कार्ड बनाने में अब नया नियम लागू, नहीं बन रहा है जॉब कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

राज्य सरकार के द्वारा काम के लिए मानव दिवस निर्धारित किए जाने के बाद से अब पहले की तरह पंचायत से पारित प्रस्ताव के तहत काम स्वीकृत नहीं हो रहे हैं। साथ ही नए जॉब कार्ड बनाए जाने में भी अब पहले जैसी प्रक्रिया आसान नहीं रही है। पुराने जॉब कार्डधारियों को ही कार्य पर नियोजित किया जा रहा है।

महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत कार्य स्वीकृत होने वाले कार्यों के लिए पंचायत में ही जॉब कार्ड बनाए जाते है। वर्तमान में जिले में 1 लाख से अधिक जॉब कार्ड बने हुए हैं जिनके माध्यम से लोगों को रोजगार मिल रहे हैं। पिछले वर्ष से नए जॉब कार्ड बनाने का काम धीरे धीरे बंद किया गया है उसका मुख्य कारण कई ऐसे जॉब कार्डधारी हैं जिनके नाम से जॉब कार्ड तो बना है लेकिन वे काम पर नहीं आते। इसी तरह सरकार के द्वारा मानव कार्य दिवस निर्धारित किए जाने से नए जॉब कार्ड बनने से जॉब कार्डधारियों की संख्या बढ़ जाएगी और जॉब कार्डधारियों को रोजगार देना निश्चित है लेकिन मनरेगा की अधिकांश मजदूरी राशि पीएम आवास में खर्च होने के कारण इस दिशा में ज्यादा ध्यान फोकस नहीं किया जा रहा है। सबसे ज्यादा जॉब कार्ड विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा अंतर्गत बनाए गए हैं। जहां सबसे ज्यादा रोजगार दिवस भी सृजित हुए थे।

### पंचायत से जनपद को भेजे जाते हैं कार्यों का प्रस्ताव

**खास बातें**
- सरकार ने निर्धारित किया है मानव दिवस
- काम के प्रस्ताव पर पंचायत को दिया गया है जॉब कार्ड बनाने का अधिकार



### विभागों से नहीं आ रहे प्रस्ताव

मनरेगा में प्रशासन के अन्य विभागों से आने वाले प्रस्ताव के तहत भी कार्य कराए जाते थे। पिछले वर्ष से शासकीय विभागो से कार्यों का प्रस्ताव आना बंद हो गए हैं इससे भी मनरेगा की कार्य संख्या में कमी आयी है। वर्तमान में पशु चिकित्सा विभाग, कृषि विभाग के द्वारा ही मनरेगा को कार्यों के प्रस्ताव दिए गए हैं और उक्त प्रस्ताव पर ही मनरेगा से कार्य स्वीकृत किए गए हैं जबकि सिंचाई विभाग, उद्यानिकी विभाग जैसे अन्य विभाग भी शामिल हैं जिनके द्वारा पहले की तरह कार्यों के प्रस्ताव नहीं दिए जा रहे हैं।

### जांची जा रही है धान मिलिंग की क्षमता

# अनुबंध के पहले राइस मिल का हो रहा है भौतिक सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धान खरीदी को शुरु हुए एक पखवाड़ा बीत चुका है। समितियों से धान उठाव के लिए राइस मिलर से होने वाले अनुबंध के पहले प्रशासन द्वारा मिल का भौतिक सत्यापन करते हुए उनकी क्षमता देखी जा रही है। कितने क्विंटल तक वो मिलिंग कर सकते हैं उसके अनुसार ही उन्हें डीओ जारी होगा। पूर्व की तरह अब डीओ काटने में मनमानी नहीं चलेगी।

जिले में लगभग 100 राइस मिल हैं। जिनसे धान उठाव के लिए अनुबंध किया जाता है। उस अनुबंध के पहले राइस मिल का भौतिक सत्यापन किया जाता है ताकि यह देखा जाए कि उनके मिल की क्षमता कितनी है। इस वर्ष धान उठाने वाली समितियों से एग्रीमेंट के पहले जिला प्रशासन ने राइस मिल पर भी अपनी नजरें टेढ़ी की हैं। बीते वर्ष कुछ राइस मिलर्स के खिलाफ प्रशासन को जानकारी मिली थी कि राइस मिलर्स के द्वारा किसानों को ही धान दे दिया जा रहा और वह दोबारा समितियों में लाकर बेच देते थे। रिसाइकलिंग का यह कार्य करतला और पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक की समितियों में किया गया था उसके मद्देनजर इस वर्ष कलेक्टर अजीत वसंत ने राइस मिलर की भी जांच पड़ताल करने के निर्देश दिए हैं ताकि उनके माध्यम से किसी भी तरह का धान किसानों तक ना पहुंचे। ये भी बताया जा रहा है कि धान उठाने के बाद मिलर्स के वाहन किस रास्ते से मिल पहुंचेंगे इसकी भी जानकारी विभाग को देना होगा ताकि वाहन की भी मॉनिटरिंग की जा सके।

**खास बात**
- डीओ काटने में भी बरती जाएगी कड़ाई


फाइल फोटो

### हाथी प्रभावित सूची से जिल्गा बरपाली का नाम गायब

धान खरीदी के पूर्व जिला प्रशासन ने हाथी प्रभावित समितियों की भी सूची तैयार की है। उक्त सूची से जिल्गा बरपाली का नाम गायब नजर आ रहा है जबकि उक्त समिति के आसपास हाथी पिछले कुछ वर्षों से लगातार मंडरा रहा है। 2 वर्ष पूर्व हाथी समिति के समीप पहुंच चुका था। जिसे समिति के कर्मचारियों के द्वारा आग जलाकर खदेड़ा गया था। ऐसे संवेदनशील स्थानों में चलने वाली जिल्गा बरपाली धान खरीदी केंद्र का सूची में नाम ना होना विभागीय लापरवाही की ओर भी इशारा करता है।

### 61 हजार क्विंटल धान की हुई खरीदी

जिले में बीते एक पखवाड़े के दौरान 61 हजार 847 क्विंटल धान की खरीदी हुई है। जिसमें 61 हजार 595 क्विंटल मोटा और 252 क्विंटल सरना धान शामिल है। सबसे अधिक खरीदी तुमान सहकारी समिति अंतर्गत हुई है। यहां 4 हजार 460 क्विंटल खरीदी का आंकड़ा बताया गया है। 11 समितियों में अभी भी धान की बोहनी नहीं हुई है।

### 45 कट्टी संदिग्ध धान जब्त

एसडीएम पोड़ी उपरोड़ा मनोज कुमार बंजारे द्वारा शुक्रवार को धान उपार्जन केंद्र जटगा, तहसील पसान का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान किसान शेर सिंह पिता अंगद सिंह द्वारा लाए गए 45 कट्टी धान का तौल पर्ची प्रस्तुत नहीं किया गया। धान की वैधता संदिग्ध पाए जाने पर उसे जब्त किया गया। जब्त धान को धान उपार्जन केंद्र जटगा के प्रबंधक नारायण मरकाम को सुपुर्द किया गया तथा मंडी अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई हेतु मंडी सचिव कटघोरा को सूचना प्रेषित की गई।



# युवक के हत्यारों को आजीवन कारावास


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुरानी रंजिश को लेकर दो युवकों ने मिलकर एक युवक की हत्या कर दी थी। हत्या के मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने दोनों आरोपियों को आजीवन सश्रम कारावास व 5 सौ रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

अतिरिक्त लोक अभियोजक कटघोरा दिलीप झा जानकारी देते हुए बताया कि दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत शांतिनगर मांगामार निवासी अजय भार्गव पिता रामलाल भार्गव उम्र 30 वर्ष को दयाशंकर ने 1 मार्च 2024 को अपने ममेरा भाई सतीश यादव के साथ मिलकर अजय भार्गव को ढूंढते हुए गेवरा खदान दीपका हरदीबाजार के पास पहुंचे जहां अजय भार्गव अपने ट्रेलर में बैठा था जिसे आरोपीगण मारपीट कर ट्रेलर से नीचे जमीन में कीचड में गिरा दिये और सिर को कीचड में गढ़ाकर हत्या कर फरार हो गये थे। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना दीपका द्वारा प्रथम दृष्टया हत्या का अपराध कारित करना पाये जाने पर पुलिस ने मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में पेश किया गया। उक्त प्रकरण में विचारण के दौरान तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा पीठासीन अधिकारी एचके रात्रे के द्वारा साक्षियों के साक्ष्य के दौरान आये तथ्यों के आधार पर आरोपियों के विरूद्ध दोष सिद्ध होने पर आजीवन सश्रम कारावास एवं 500 रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया। प्रकरण में शासन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक दिलीप झा ने पैरवी की है।

**खास बात**
- दीपका थाना क्षेत्र के ग्राम मांगामार का मामला

# पीडीएस दुकानों से खाद्यान्न सामग्री के वितरण में हो रही कोताही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ग्रामीण अंचलों के पीडीएस दुकानों से खाद्यान्न वितरण में बरती जा रही कोताही से हितग्राही परेशान हो रहे हैं। पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के ग्राम पचरा पंचायत में नवंबर माह के कोटे का चावल पर्याप्त मात्रा में नहीं पहुंचने के कारण सभी हितग्राहियों को चावल का वितरण नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया है।

पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत पचरा में राशन वितरण की समस्या खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही है। यहां लगातार एक महीने लेप्स होकर चावल पहुंच रहा है। नवंबर माह का चावल अब तक गांव नहीं पहुंचा, जबकि नियम के अनुसार हर महीने का चावल उसी माह में पीडीएस दुकान तक पहुंचकर ग्रामीणों को वितरित होना चाहिए लेकिन पचरा पंचायत में हालात बिल्कुल उलटे हैं। सितंबर का चावल अक्टूबर में और अक्टूबर का चावल नवंबर में ही वितरण दिखा दिया गया। इससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्राम पंचायत के कुल आबंटन के अनुसार हर महीने 163 क्विंटल चावल पहुंचना चाहिए लेकिन अक्टूबर में सिर्फ 100 क्विंटल और नवंबर में 150 क्विंटल चावल ही भेजा गया। ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**
- पचरा पंचायत में नहीं पहुंचा नवंबर महीने का चावल, ग्रामीणों में आक्रोश



### करंट से मासूम की मौत, पड़ोसी के खिलाफ मामला दर्ज

**कोरबा।** रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम केसला निवासी रंजेश दास की 3 वर्षीय पुत्री कु अंजनी दास वर्ष 2024 में खेलने के लिये धीरजदास के किराये के मकान में गई हुई थी। धीरज दास के मकान अंदर उपर दीवाल पर विद्युत तार खींचकर नीचे में एक स्टेण्ड पंखा लापरवाही पूर्वक लगा रखा था जिसमें विद्युत प्रवाहित हो रहा था जिसमें कु अंजनी दास खेलते खेलते पंखा से चिपक गया था। कुछ समय पश्चात बालिका को ईलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया गया। मामले की जांच पुलिस द्वारा की जा रही थी जांच उपरांत पुलिस ने इस मामले में धीरज दास के खिलाफ धारा 106 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# सभापति ने किया नगर निगम में सलाहकार समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं के विकास, प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा जनहित के कार्यों में पार्षदो से सलाह प्राप्त करने विभिन्न विभागों में सलाहकार समिति का गठन अध्यक्ष नगर पालिक निगम द्वारा किया जाता है। नगर निगम के प्रावधान के अनुसार नगर निगम अध्यक्ष व सभापति नूतनसिंह ठाकुर ने 2 विभागों में सलाहकार समिति के गठन किया है। महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने 9 विभागों के लिए एमआईसी सदस्यों की नियुक्ति किया है। नियमानुसार इन विभागों में सलाह देने व योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए अध्यक्ष द्वारा पार्षदों को शामिल कर सलाहकार समिति का गठन किया जाना है। यह समिति प्रत्येक माह बैठक कर उन विभागों के कार्यों व योजनाओं के संबंध में सलाह देगी। जिसके आधार पर प्रस्ताव व कार्य स्वीकृत किया जाएगा।


फाइल फोटो

### इनको दी गई है विभागों की जिम्मेदारी

जिनमें विभाग लोक कर्म विभाग के सलाहकार समिति के सदस्यों में नरेन्द्र देवांगन, अशोक चावलानी, चंद्रलोक सिंह, सत्येंद्र दुबें, तरुण राठौर, सीमा कंवर, अब्दुल रहमान, मुकेश राठौर, प्रीति दिनेश शर्मा शामिल हैं। इसी तरह विभाग अग्निशमन एवं विद्युत संधारण विभाग में सलाहकार समिति के सदस्य लक्ष्मण श्रीवास, रवि सिंह चंदेल, नारायण कुर्रे, किशन लाल केंवट, टामेश अग्रवाल, श्रीमति गीता गभेल, प्रताप सिंह, विनम्र कुमार, श्रीमति आरती सिंह बनाए गए हैं।

### ग्राम सरहर निवासी गुहाराम साहू का शव चिकित्सकीय शिक्षा और शोध में होगा उपयोग

# संत रामपाल से प्रेरित होकर बुजुर्ग ने किया देह दान, पेश की मिशाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानवता और समाजसेवा की मिसाल प्रस्तुत करते हुए ग्राम सरहर निवासी गुहाराम साहू उम्र 84 वर्ष के पार्थिव शरीर को उनके सुपुत्र द्वारा संत रामपाल महाराज के सत्संग ज्ञान से प्रेरित होकर चिकित्सा अध्ययन हेतु दान किया गया। यह देह-दान स्व. बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय को सम्मानपूर्वक सुपुर्द किया गया, जिससे चिकित्सकों को शिक्षा और शोध में अमूल्य सहयोग मिलेगा।

इस अवसर पर जिला संयोजक अजय कुर्रे ने बताया कि संत रामपाल महाराज द्वारा समाजहित में कई महत्त्वपूर्ण मुहिमें चलाई जा रही हैं, जिनमें प्रमुख रूप से देह-दान, रक्तदान, नशामुक्त भारत, दहेज-रहित विवाह, मृत्यु भोज पर रोक, भ्रूण हत्या का विरोध, वृक्षारोपण, चोरी–डकैती–रिश्वतखोरी का त्याग तथा सबसे बड़ी सेवा अन्नपूर्णा मुहिम, जिसके अंतर्गत गरीब परिवारों को गोद लेकर आजीवन राशन, कपड़ा, मकान आदि की सहायता प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही हाल ही में पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में आए बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री पहुंचाकर हजारों लोगों को सहारा दिया गया। श्री साहू का देह-दान न केवल एक महान मानवीय योगदान है, बल्कि समाज को यह संदेश देता है कि सही ज्ञान और सेवा-भाव से प्रेरित व्यक्ति अपने जीवन के अंतिम पड़ाव में भी समाजहित का अमिट उदाहरण स्थापित कर सकता है। इस दौरान जिला मेडिकल कॉलेज के डॉ. अविनाश, डॉ. योगिता, तथा डॉ. नीलेश महोबिया सहित अनेक वरिष्ठ सेवादार एवं उपस्थितजन ने दिवंगत आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। अजय कुर्रे जिला संयोजक, धरमदास, सुमिरन सिंह, गोरे कंवर, उमाशंकर पटेल, पंचराम पाटिल एवं सत्संग संगत एवं परिवारजन उपस्थित रहे।



देहदान के बाद चिकित्सक एवं परिजन।

# मुकेश बने कोरबा शहर कांग्रेस जिला अध्यक्ष

**कोरबा।** जिला कांग्रेस शहर जिला अध्यक्ष पद पर आखिरकार पूर्व पार्षद मुकेश राठौर का चयन कर लिया गया है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के संगठन सृजन के तहत, पूरे प्रदेश में जिला अध्यक्ष चयन की प्रक्रिया पूरी की गई थी ।जिला कांग्रेस कमेटी के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर आर.सी. खुटिया ने कोरबा शहर पर लगभग 4 हजार नेता व कार्यकर्ताओं से रायशुमारी के पश्चात 6 नामों का पैनल तैयार कर पार्टी हाई कमान को अपनी रिपोर्ट सौप दी थी । इसके साथ ही कांग्रेस की केंद्रीय इंटेलिजेंस ब्यूरो ने भी गुप्त तरीके से तीन नाम का सर्वे रिपोर्ट भी दिया था।जातिगत समीकरण को देखते हुए पार्टी ने कांग्रेश जिला अध्यक्ष पद पर ओबीसी वर्ग से चार बार पार्षद रहे मुकेश राठौर का चयन किया हे । उन्हें पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल का समर्थन प्राप्त है।

**खास बात**
- लंबे समय के बाद अध्यक्ष पद पर फैसला, दावेदारों में मची थी कशमकश



## खबर संक्षेप

### पुलिस की रेड, अवैध शराब जब्त

**बिलासपुर।** सीपत पुलिस ने रेड की कार्रवाई करते हुए ग्राम बिटकुला में 6 लीटर कच्ची शराब बरामद कर लिया है। इस दौरान पुलिस ने एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया है, जिससे आबकारी एक्ट के तहत जेल दाखिल कर लिया गया है। सीपत पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि ग्राम बिटकुला में भारी मात्रा में अवैध कच्ची महुआ शराब बेची जा रही है। सीपत थाना प्रभारी ने टीम तैयार कर रेड की कार्रवाई की। इस दौरान आरोपी कन्हैया यादव पिता स्व रामसिंह यादव उम्र 53 साल को हिरासत में लिया गया। वहीं मौके पर पुलिस को 6 लीटर शराब मिली, जिससे जब्त कर लिया गया है।आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

### गांजे के साथ पकड़े गए युवक को 5 साल की कैद

**बिलासपुर।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट ने गांजे के साथ पकड़ाए युवक को पांच साल की कैद की सजा सुनाई है। 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। मामले के मुताबिक 11 जनवरी 2024 को सरकंडा पुलिस ने रामकुमार सूर्यवंशी पिता पहारू सूर्यवंशी (उम्र 37 वर्ष) निवासी परसाही डबरीपारा, मोपका थाना सरकण्डा को 2 किलो गांजे के साथ पकड़ा था। इसकी कीमत 20 हजार रुपए आंकी गई गई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कोर्ट में चालान पेश किया था। मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट में 10 से अधिक गवाह पेश किए गए। आरोपी की ओर से बचाव में कोई साक्ष्य या गवाह पेश नहीं किया जा सका।

### सड़क हादसे में बच्ची की मौत, पसरा मातम

**बिलासपुर।** बिल्हा थाना क्षेत्र के ग्राम गुमा में हुए दर्दनाक हादसे में एक बच्ची की मौत हो गई। हादसा गुरूवार की है। जहां हादसे में दूसरी में पढ़ने वाली 7 वर्षीय बालिका श्रुति गेंदले की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार गुमा निवासी सुनील गेंदले अपनी पुत्री श्रुति को साइकिल पर बैठा बाल कटवाने जा रहे थे। गुमा से कुछ दूरी पर मोड़ के पास साइकिल खड़ी करके कुछ देर के लिए बाथरूम चले गए। इस दौरान बेटी श्रुति साइकिल के पास खड़ी थी इस दौरान साकेत परसिया निवासी अजय बंजारे तेज रफ्तार से बाइक चलाते हुए अनियंत्रित होकर श्रुति को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा दर्दनाक था कि मासूम बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे इलाके लिए बिल्हा स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### युवती को भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** नाबालिग युवती को घर से भगाने वाले आरोपी को कोटा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से पुलिस ने नाबलिग को बरामद कर लिया है। घटना गुरूवार की है। आरोपी निवासी मोहनभाठा, थाना कोटा निवासी रमन चतुर्वेदी पिता राम चतुर्वेदी, उम्र 20 वर्ष द्वारा नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा लिया गया था। इसकी शिकायत लड़की के परिजनों ने कोटा थाने में दर्ज कराई थी। इस दौरान जानकारी मिली कि आरोपी रमन चतुर्वेदी एवं अपहता मटसगरा के आगे नहर के पास देखे गए हैं। सूचना पर कोटा पुलिस टीम को मौके पर पहुंच अपहता को बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया है।जिसपर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 24 घंटे के भीतर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को जेल भे दिया गया है।

---

बिलासपुर के सराफ परिवार का मामला | राज्य महिला आयोग में आने के बाद राहत मिली

# महिला आयोग में प्रकरण लाने के बाद रेरा ने वापस दिलाए 50 लाख




**बिलासपुर।** राज्य महिला आयोग के समक्ष प्रकरण लाने के बाद बिलासपुर के सदरबाजार स्थित सराफ परिवार को रेरा ने 50 लाख राशि वापस दिलाई है। शुक्रवार को बिलासपुर में जनसुनवाई में पहुंची महिला किरण सराफ ने बताया कि उन्होंने रायपुर में एक फ्लैट बुक कराया था। लेकिन बाद में बिल्डर फ्लैट देने में आनाकानी करने लगा। इस पर उन्होंने रेरा में प्रकरण लगाया था, किन्तु रेरा से कोई कार्रवाई होते नजर नहीं आया। इस पर उन्होंने राज्य महिला आयोग में केस लगाया और महिला आयोग से दबाव पड़ने के बाद 35 लाख और 15 लाख मिलाकर कुल 50 लाख रुपए उन्हें वापस मिल गए हैं। इस तरह राज्य महिला आयोग में आने के बाद उन्हें राहत मिली है।

महिला आयोग के सुनवाई अनुसार आवेदिका ने बताया कि धोखाधड़ी के मामले में हीरा भगवानी जेल में बंद है। इस प्रकरण में आवेदिका को समझाइस दी गई है कि वह अपने मामले अपराधिक परिवाद पत्र न्यायालय में प्रस्तुत करें और राशि वसूली के लिए दीवानी मामला प्रस्तुत करें और इस निर्देश के साथ प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। आवेदिका उपस्थित अनावेदक अनुपस्थित आवेदिका ने सुलहनामा प्रस्तुत किया और बताया कि आयोग में प्रकरण दर्ज करने के बाद ही अनावेदक द्वारा आवेदिका को 50 लाख रूपए वापस किए गए अतः आवेदिका अपना आवेदन वापस लेना चाहती है, इस आधार के साथ प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रस्तुत 22 प्रकरणों पर जनसुनवाई की छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में प्रदेश स्तर पर 355 व बिलासपुर जिले में 22 वीं सुनवाई हुई।

## आ रहे सोशल मीडिया में पहचान के बाद शादी व लिविंग संबंधी नए मामले

■ छग महिला आयोग की तरह अन्य राज्यों के आयोगों में भी नहीं होती सुनवाई : किरणमयी

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने बताया कि सोशल मीडिया व लिविंग रिलेशनशिप संबंधी नए मामले आयोग के सामने आ रहे हैं, जिसमें लड़के और लड़की पहचान सोशल मीडिया के माध्यम से हो रही है और शादी के बाद फिर तलाक के नौबत आ रहे हैं। यही स्थिति लिविंग रिलेशन वाले मामलों में हो रहा है।
राज्य महिला आयोग अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने आज बिलासपुर जिला पंचायत के सभाकक्ष में जनसुनवाई के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि सोशल मीडिया के जरिए पहचान और लिंविंग के जो मामले आयोग में आ रहे हैं। इसलिए लड़कियों को समझा रहे हैं कि इस तरह सोशल मीडिया से पहचान और शादी, लिंविंग के चक्कर में न पड़े। उन्होंने कुछ पुरुष के मामले भी आयोग में आते हैं जिनमें महिलाओं द्वारा उत्पीड़न की झूठी शिकायत की जाती है या फिर पत्नी द्वारा पति को तंग किए जाने के मामले होते हैं उनमें हम पुरुषों की भी मदद किए हैं। डॉ. किरणमयी नायक ने दावा करते हुए बताया कि प्रदेश स्तर पर यह महिला आयोग की 355 वीं सुनवाई है और 6 वर्ष का उनका कार्यकाल होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिस तरह की सुनवाई और स्टेट फारवर्ड रिलीफ महिलाओं को छत्तीसगढ़ महिला आयोग में मिल रही है, वैसी सुनवाई राष्ट्रीय महिला आयोग या फिर किसी अन्य राज्यों के महिला आयोग में नहीं होती है। उन्होंने बताया कि महिला आयोग द्वारा मुख्यमंत्री महतारी न्याय यात्रा जागरूकता के लिए निकाली गई थी, उससे महिला आयोग में प्रकरणों की संख्या बढ़ी है और थाना एवं कोर्ट में संख्या कम हुई है। इससे महिलाओं में जागरूकता बढ़ी है।

---

सिविल लाइन थाने में भाजयुमो ने की थी गिरफ्तारी की मांग

# मुख्यमंत्री के खिलाफ प्रदर्शन कांग्रेस जिलाध्यक्ष पर जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीएम विष्णु देव साय की फोटो में अमर्यादित ढंग से टिप्पणी करने के मामले में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने सिविल लाइन थाने में जमकर प्रदर्शन किया और कांग्रेस के आंदोलन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दिया। पुलिस ने इस मामले में कांग्रेस के शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय पांडेय और जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी के साथ ही अन्य कांग्रेसियों पर जुर्म दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष निखिल केशरवानी व बीजेपी के अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा शुक्रवार को कांग्रेस के नेताओं कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी को लेकर प्रदर्शन किया। दिन भर सिविल लाइन थाने में गहमा-गहमी रही। दरअसल बीजेपी के कार्यकर्ता गुरूवार को कांग्रेस द्वारा नेहरू चौक में आमसभा कर रास्ता अवरूद्ध करने एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की फोटो में अमर्यादित ढंग से कृत्य कर अपमाति करने को लेकर रोष दर्ज कराया। जिला अध्यक्ष निखिल केशरवानी ने लोक शांति भंग करने को लेकर कांग्रेसियों के खिलाफ कार्रवाई करने एफआईआर दर्ज कराया। पुलिस ने कांग्रेस के नेता विजय पाण्डेय, विजय केशरवानी, सदाब खान एवं अन्य कार्यकर्ताओं के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इस दौरान बीएनएस की धारा 126 (2), 190, 191 (2),352 के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।




**सिविल लाइन थाने में जमकर प्रदर्शन**

शुक्रवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा ने जिला कांग्रेस कमेटी के प्रदर्शन को अत्यंत निंदनीय, असभ्य और लोकतांत्रिक मर्यादाओं को तार–तार करने वाली घटना बताते हुए प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के फोटो पर चप्पल से हमला करने को लेकर अपमानजनक व्यवहार कहा और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष जितेन्द्र देवांगन ने उपलब्ध वीडियो/फोटो के आधार पर तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। इस दौरान निखिल केशरवानी, प्रदेश मंत्री गौरी गुप्ता, रितेश अग्रवाल, ऋषभ चतुर्वेदी,नितिन छाबड़ा, आशीष तिवारी, निक्कू चौबे, अशोक राजपूत, विक्रम सिंह, डंकेश्वर यादव, धन्नू डंसेना, भूपेश तिवारी, तुलेश पटेल, सहित युवा मोर्चा के सैंकड़ो कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

### छग सरकार कांग्रेसियों के आंखों की किरकरी बनी हुई है: भाजपा

भारतीय जनता पार्टी शहर के जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार चल रही है, वहीं कांग्रेसियों के आंखों की किरकरी बनी हुई है। वे कभी आदिवासियों की प्रगति नहीं देखना चाहते। उनकी मानसिकता सदैव आदिवासी विरोधी रही है। कल के प्रदर्शन के दौरान यही वजह है कि मुख्यमंत्री श्री साय की फोटो के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए अपमान जनक कार्यो को अंजाम दिया। उन्होंने कांग्रेसियों के इस कृत्य की भर्त्सना की है। श्री सिंह ने कहा कि गत 5 वर्ष के शासनकाल में कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में कोई विकास कार्य ही नहीं किया। वे केवल भ्रष्टाचार में लगे हुए थे। उसका परिणाम उन्हें आज भुगतना पड़ रहा है। जनता उनके काले कारनामों और भ्रष्टाचार से परेशान थी। फलस्वरूप उन्हें सत्ता से बेदखल होना पड़ा था। शराब घोटाला, पीएससी घोटाला, राशन घोटाला जैसे कई घोटाले अब उजागर हो गये हैं। ट्रांसफार्मर खरीदी घोटाला हुए, सभी टांसफार्मर खराब हो गए और उन ट्रांसफार्मर को षड़यंत्र पूर्वक आग लगने का बहाना बना कर जला दिया गया। कांग्रेस शासनकाल में एक भी नई सड़क नहीं बनाई गई और न ही सड़कों की मरम्मत किया गया। सड़कों पर अंधेरा छाया रहता था खंभों में विद्युत एलईडी भी पैसों के अभाव में नहीं लगाया जाता रहा। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि बहाने बना कर झूठे आरोप लगाने से कुछ नहीं होता। सरकार जितने भी कदम उठा रही है वह आमजनों के हितों को ध्यान में रखते हुए है।

---

धान खरीदी सीजन की पहली कार्रवाई

# देवरीखुर्द प्रबंधक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ निर्धारित से कम पाई गई बोरों में धान की मात्रा
■ बारदानों का रखरखाव भी सही नहीं

कार्य में लापरवाही के चलते सहकारी समिति देवरीखुर्द के सहायक प्रबंधक एवं खरीदी केंद्र प्रभारी को निलंबित किया गया है। उक्त कार्रवाई प्रशासन द्वारा धान खरीदी के वर्तमान सीजन की पहली कार्रवाई है। संबंधित कर्मचारी को धान के बोरों में निर्धारित से कम मात्रा पाए जाने एवं खाली बारदानों के सही रखरखाव का अभाव पाए जाने के बाद कलेक्टर की अनुशंसा पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

धान खरीदी के दौरान समितियों में किसी भी तरह की गड़बड़ी एवं किसानों को किसी भी तरह की परेशानी न हो इसके लिए शासन स्तर पर पहले ही निर्देश दिए जा चुके हैं। अब इसमें कमी पाए जाने पर जिला प्रशासन द्वारा कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसके अंतर्गत तखतपुर तहसील के धान खरीदी केंद्र देवरीखुर्द में गड़बड़ी एवं नियमितता की शिकायत प्राप्त हुई थी। उप पंजीयक सहकारिता द्वारा सहकारिता विस्तार अधिकारी तखतपुर को शिकायत में जॉच अधिकारी नियुक्त किया गया था। सहकारिता विस्तार अधिकारी द्वारा जॉच प्रतिवेदन में जानकारी दी गई थी कि धान खरीदी प्रभारी राममनोहर कौशिक के द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन नही करना पाया गया है। इनके द्वारा खरीदी किए गए धान के कुछ बारदानों में मानक वजन के अनुरूप नहीं पाया गया।

इसी तरह डनेज की उपयोगिता के आधार पर भण्डारण में भी कमी पाई गई। खाली बारदानों का सही रख-रखाव की व्यवस्था में कमी पाया गया तथा खरीदे गए धान को व्यवस्थित रूप से जमाकर भी नहीं रखा गया था, ताकि बोरों की आवश्यकतानुसार गिनती की जा सके। उक्त कर्मचारी के कृत्य को धान उपार्जन नीति 9.16 एवं 15.1 के उपबंधो के प्रतिकूल पाया गया हैं। जॉच प्रतिवेदन को आधार मानते हुए कलेक्टर की अनुशंसा पर उपायुक्त सहकारिता चंद्रशेखर जायसवाल द्वारा सहायक प्रबंधक एवं खरीदी केंद्र प्रभारी राममनोहर कौशिक को निलंबित किया गया है।

**की गई है कार्रवाई**

शिकायत के आधार पर समिति स्तर पर जांच करवाई गई थी। जांच में शिकायत सही पाए जाने के बाद कलेक्टर की अनुशंसा से देवरीखुर्द समिति के खरीदी प्रभारी को निलंबित किया गया है।

**-चंद्रशेखर जायसवाल**
उपायुक्त सहकारिता विभाग

---

# बेटे को मारने वाला फरार आरोपी बिहार से गिरफ्तार

**बिलासपुर।** अवैध शराब का पव्वा बेचने को लेकर कोचिए व हिस्ट्रीशीटर के बेटे को लकड़ी के बत्ते से पीटते हुए मौत के घाट उतारने के मामले में सिरगिट्टी पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पिछले दो माह से अपना हुलिया और पता बदलकर पुलिस को चकमा दे रहा था, लेकिन बिलासपुर पुलिस ने आरोपी को बिहार से गिरफ्तार कर शहर ले आई है।



आरोपी।

घटना 12 अक्टूबर की है। करबला निवासी हिस्ट्रीशीटर बाबा सोनकर उर्फ संतोष का बेटा साहिल सोनकर 19 साल अपने दोस्त व गुण्डा बदमाश किशन यादव पिता रामायण यादव के साथ 11 अक्टूबर की रात सीपत लूथरा उर्स देखने गया। रात 3 बजे दोनों शहर लौट कर शराब पीने के लिए तिफरा सब्जी मंडी के पास पहुंचे। चखना दुकान संचालक चिंगराजपारा निवासी साहिल साहू ने शराब का पव्वा देकर 260 रुपए की मांग की। दोनों युवकों ने महंगी शराब बेचने को लेकर बहस शुरू कर दी। विवाद इतना बढ़ा की साहिल साहू व उसका साथी आकाश शर्मा व एक नाबालिग द्वारा साहिल सोनकर व किशन उर्फ खोख्सा को जमकर पीट दिया। इस दौरान आरोपियों ने लकड़ी के बत्ते से गंभीर चोट पहुंचाई, जिससे साहिल सोनकर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं किशन यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मामले में मुख्य आरोपी साहिल साहू की गिरफ्तारी कर ली थी, लेकिन आकाश शर्मा फरार था। वह अपना हुलिया बदलकर लगातार छिपता रहा, तकनीकी साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने उसे मुंगेर बिहार से पकड़ लिया है।

बिलासपुर पुलिस ने ट्रांजिट रिमांड के बाद उसे शहर ले आई है। उसकी निशानदेही में लकड़ी का डंडा, एक्टिवा क्रमांक सीजी 10 बीडब्ल्यू 3206 व खून से सने कपड़े जब्त कर लिया है।

# सोना लेकर नहीं दिया चेन ज्वेलर पर अपराध दर्ज

**बिलासपुर।** 28 ग्राम सोना लेकर चेन नहीं देने के मामले में बुजुर्ग ने ज्वेलरी संचालक पर जुर्म दर्ज कराया है। मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र के गोलबाजार का है। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

मामले के अनुसार 66 वर्षीय बुजुर्ग शत्रुहन सिंह राठौर पिता श्री त्रियुगी नारायण बिलासपुर में रहते हैं। उन्होंने अमरनाथ गली के बाजू में बने श्रेया ज्वेलर्स के संचालक शेष कुमार सोनी पिता बनवासी सोनी को करीब ढाई लाख रूपए का सोना जिसमें 1 सोने की चैन 17.32 ग्राम, लाकेट 11 ग्राम कुल 28 ग्राम सोना देकर चैन बनाने के लिए कहा था। ज्वेलर्स संचालक ने 1 हफ्ते बाद आने को कहा और प्रार्थी ने एक हफ्ते बाद चैन की मांग की लेकिन संचालक ने दोबारा 1 हफ्ते का समय दे दिया। चेन देने के बजाए बार-बार घुमाने से परेशान बुजुर्ग ने ज्वेलर्स के खिलाफ सिटी कोतवाली थाना में शिकायत दर्ज कराई है, पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर लिया है। पुलिस में शिकायत पहुंचने के बाद ज्वेलर्स संचालक दुकान बंद कर फरार हो गया है, पुलिस मामले में जांच कर रही है।

### सूने मकान से चोरों ने जेवर व नकद किया पार

**बिलासपुर।** तोरवा क्षेत्र के महमंद लालखदान ओवरब्रिज के नीचे रहने वाला ट्रेवल एजेंसी संचालक अपने ससुर के अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे। इस बीच चोरों ने उनके घर से सोने-चांदी जेवर और 50 हजार नकद पार कर दिया। ट्रेवल एजेंसी के संचालक ने तोरवा थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।
तोरवा के महमंद लाल खदान ओवरब्रिज के पास आशीष सिंह ठाकुर ट्रेवल एजेंसी चलाते हैं। उनके ससुर का एमपी के अमलाई में 22 नवंबर को निधन हो गया। वे अपनी पत्नी और बच्चों को लेकर अमलाई गए थे। पत्नी और बच्चों को छोड़कर 24 नवंबर को घर पहुंचे। इस दौरान मकान के दरवाजे पर लगा ताला टूटा था। ताला तोड़कर घुसे चोरों ने आलमारी से सोने-चांदी के जेवर और 50 हजार नकद पार कर दिया था। उन्होंने इसकी शिकायत तत्काल तोरवा थाने में की।

# नहर में मिली अज्ञात युवक की लाश, पुलिस जुटी जांच में

■ सीपत थाना क्षेत्र की घटना

**बिलासपुर।** सीपत नहर में एक अज्ञात युवक की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ लाश बरामद कर पीएम कराया है। फिलहाल मौत के कारण का पता नहीं चल सका है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार युवक की उम्र 35 से 40 वर्ष की बताई जा रही है।

पुलिस के अनुसार सीपत एनटीपीसी के मटेरियल गेट के बगल से बने नहर में बहेरा पुल के नीचे सुबह ग्रामीणों ने एक अज्ञात युवक की लाश देखी। यह क्षेत्र खारंग जलाशय की नहर का है।



लाश औंधे मुंह पानी में डुबी थी। नहर में लाश मिलने की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची सीपत पुलिस ने शव को बरामद कर लिया है और मौके पर फोरेंसिक टीम ने जांच को आगे बढ़ाया है लेकिन शाम तक शव की पहचान नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है कि बाडी में जींस और शर्ट मिली है और शव 2 से 3 दिन पुरानी है। पुलिस के मुताबिक देखने में युवक की उम्र 35 से 40 के करीब है। फिलहाल पीएम के बाद रिपोर्ट आना बाकी है, इसके बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

# तीन मकानों का टूटा ताला, जेवर व नकदी पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ कोनी क्षेत्र के सेंदरी का मामला

कोनी क्षेत्र के सेंदरी में चोरों ने एक ही रात तीन मकानों में धावा बोलकर सोने-चांदी के जेवर और नकदी पार कर दिया है। दो मकान में परिवार के लोग थे। घर में सो रहे लोगों को इसकी भनक तक नहीं लगी।

सेंदरी के रमतला रोड में रहने वाली शांति बघेल(23) ने पुलिस को बताया कि वह बुधवार की शाम पांच बजे मकान में ताला लगाकर अपने मायके चली गई थी। घर के दूसरे कमरे में उनके ससुर रहते हैं। गुरुवार की सुबह उनके ससुर ने मोबाइल पर काल कर बताया कि उसके कमरे का ताला टूटा है। इस पर महिला अपने घर आई। दरवाजा खोलकर वह अंदर दाखिल हुई कमरे में सामान बिखरा हुआ था। कमरे में रखे बैग से 25 हजार रुपये गायब थे। उनके घर के पास ही रहने वाले संग्राम सरवंश(31) निजी कंपनी में सिक्युरिटी गार्ड हैं। बुधवार की रात मकान में ताला लगाकर वे ड्यूटी पर गए थे। चोरों ने उनके घर की आलमारी से 30 हजार नकद, सोने का मंगलसूत्र, नाक की फुल्ली, सोने की माला, सोने की अंगुठी, चांदी का बेनी फूल, कमरबंद, चांदी की मेंहदी पारर कर दिया। मोहल्ले में ही रहने वाले सोहित अनंत(39) ससुराल में धान काटने के लिए गए थे।

चोरों ने उनके घर की आलमारी से 30 हजार नकद, चांदी की पायल, चांदी का चेन, सोने का हार, सोने का टाप्स, मंगलसूत्र पार कर दिया। तीनों मामलों में पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

# आधार ओटीपी प्रमाणीकरण लागू

**बिलासपुर।** रेलवे बोर्ड नें तत्काल टिकिट योजना में संशोधन करते हुए आधार आधारित ओटीपी प्रमाणीकरण अनिवार्य किया है, जिसके तहत बिलासपुर-नई दिल्ली राजधानी से शुरुआत की गई है। रेल प्रशासन ने ट्रेनों के स्लीपर और एसी कोच में सफर करने वाले यात्रियों के लिए रेलवे स्टेशन में आरक्षण कार्यालय के साथ आईआरसीटीसी की वेबसाइट के जरिए आनलाइन बुकिंग करने की भी सुविधा देकर रखी हुई है। ईआरसीटीसी की वेबसाइट का उपयोग कोई भी यात्री कर सकता है, जिसके लिए उन्हें अपनी एक पर्सनल आईडी भी बनानी पड़ती है। यात्री की बनाई गई आईडी के जरिए एक माह में 6 बुकिंग करने की सुविधा दी गई है। इसके अलावा आईआरसीटीसी की वेबसाइट के जरिए कई दुकानदारों की भी दुकान चल रही है, जो आनलाइन बुकिंग कर यात्रियों से 100 से 200 रुपए और एसी कोच के 4 से 500 रुपए अतिरिक्त राशि लेते हैं। आईआरसीटीसी के लायसेंस प्राप्त दुकानदारों के अलावा इसका सबसे अधिक फायदा दलाल उठाते हैं। दलाल अपनी पर्सनल यूजर आईडी के अलावा वेबसाइट को हैक कर तत्काल और सामान्य बुकिंग करते हुए लाखों रुपए की कमाई कर रहे हैं। इसकी वजह से रेलवे को सबसे अधिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। टिकिट की दलाली को रोकने के लिए आरपीएफ की टीम लगातार कार्रवाई करती है, लेकिन दलाल मुचलके में बड़े आराम से छूट जाते हैं। अब रेल प्रशासन ने आनलाइन के तहत तत्काल टिकिट की बुकिंग करने और दलाली प्रथा को रोकने के लिए एक नया नियम बनाया है।

# ज्वेलरी दुकान से लाखों के जेवरात पार मामले में बताने वाले को 5 हजार का इनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

खरौद स्थित ज्वेलरी दुकान से दिनदहाड़े 36 लाख रुपए के जेवरात पार करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों का पता बताने वालों को 5 हजार रुपए का इनाम रखा गया है।

इस संबंध में शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार 10 नवंबर की दोपहर 3 बजे सुकुल पारा खरौद, थाना शिवरीनारायण मे एस के ज्वेलरी शॉप मे लाल बैग वाले आदमी द्वारा सोने की चेन देखने के दोरान कुछ सोने की चैन वाला डिब्बा उठाकर भाग गया। इस दौरान एक आदमी बाइक मे बाहर था। खरौद नगर में स्थित एस के ज्वेलर्स की दुकान पर सोमवार को दिनदहाड़े दो शातिर युवकों ने ग्राहक बनकर प्रवेश किया और मौका पाते ही 36 लाख रुपये की सोने की चेन से भरा डिब्बा लेकर फरार हो गए थे। घटना को लेकर आरोपियों का कोई सुराग नहीं लग पाया है। अब ऐसे में पुलिस ने आरोपियों का पता लगाने वालों को 5 हजार रुपए देने की घोषणाकी है।



## खबर संक्षेप



### संविधान दिवस पर हुआ प्रस्तावना का सामूहिक वाचन

**कोरबा।** संविधान दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत कोरबा में विभिन्न पंचायतों के साथ ही गढ़उपरोड़ा स्थित अमृत सरोवर परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोरबा खगेस निर्मलकर ने मनरेगा मजदूरों एवं ग्रामीणजन के साथ मिलकर भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया।कार्यक्रम में जिला मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी, जनपद मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी आशुतोष मिश्रा, तकनीकी सहायक प्रीति तिवारी, ग्राम पंचायत गढ़उपरोड़ा सरपंच अंशुमान पंडा, सचिव, रोजगार सहायक दिलीप मरकाम , सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। संविधान वाचन के पश्चात उपस्थित लोगों को पौधारोपण एवं जल संरक्षण के लिए शपथ दिलाई गई। अमृत सरोवर परिसर में पौधरोपण कर सभी को पर्यावरण संरक्षण और जल संचयन के महत्व से अवगत कराया गया।इस अवसर पर अधिकारियों ने बताया कि संविधान में निहित मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना तथा ग्रामीणों में पर्यावरण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना हमारा दायित्व है।

### सतनामी कल्याण समिति कुसमुण्डा के अध्यक्ष वीरेंद्र तो सचिव बने रामलाल



**कोरबा।** सतनामी कल्याण समिति कुसमुंडा के सदस्यों के द्वारा आवश्यक बैठक रखा गया। जिसमें समाज में चल रहे गतिविधियों एवं सतनामी कल्याण समिति कुसमुंडा के पुनर्गठन पर महत्वपूर्ण चर्चा की गई जिसमें सामाजिक हित को ध्यान में रखते हुए सदस्यों के द्वारा सर्वसम्मति से अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार टंडन, सचिव रामलाल जांगड़े, उपाध्यक्ष आशीष भार्गव एवं कोषाध्यक्ष पुरन कुमार सतनामी को चुना गया। साथ ही साथ कार्यकारिणी का भी विस्तार किया गया। उप सचिव राजकुमार खूंटे उप कोषाध्यक्ष झाड़ू बीपी मीडिया प्रभारी अभिषेक आदिले कार्यालय सचिव सनत भारद्वाज सांस्कृतिक सचिव राजेश मिलन, अनिल कुमार बंजारे संगठन सचिव नरेंद्र आदिले संगठन सहसचिव- सूरज प्रकाश परसराम ईश्वर पाटले को मनोनित किया गया।

### छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के पदाधिकारियों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के पदाधिकारियों ने शनिवार सुबह 11 बजे सांसद ज्योत्सना महंत से उनके निवास में मुलाकात कर अखबार वितरकों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। संघ ने सांसद महंत को एक लिखित आवेदन सौंपा, जिसमें वितरण व्यवस्था, आर्थिक कठिनाइयों तथा सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर तत्काल समाधान की मांग की गई। आवेदन पढ़ने के बाद सांसद ज्योत्सना महंत ने संघ के पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि वे उठाई गई सभी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों से चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगी। मुलाकात के दौरान संघ के संरक्षक रेशम साहू, जिला अध्यक्ष विपेन्द्र कुमार साहू, जिला सचिव जय सिंह नेताम, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी राठौर, राय सिंह, रामा, अनिल गिरी, दिलबाग, यश नेताम, दिलीप यादव, राकेश तथा इकाई बालको के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### छात्रों ने सिविल अस्पताल व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पंतोरा का किया भ्रमण



**पंतोरा।** नवीन व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत हेल्थ केयर के कक्षा 9वीं से 12वी विद्यार्थी को जिला अस्पताल जांजगीर और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में औद्योगिक भ्रमण के कराया गया। जहां पर अस्पताल के विभिन्न विभागों एवं जिला अस्पताल में उपलब्ध सभी प्रकार की सुविधा, स्वास्थ्य देखभाल के तरीकों, सरकार द्वारा चलाए गए योजनाओं एवं बीमारियो, कैंसर, डायलिसिस एवं इलाज हेतु विभिन्न तरीकों के बारे में अवगत कराया गया साथ ही साथ बच्चों को इलाज में मिलने वाली सुविधाएं और तकनीकी ज्ञान के बारे में बताया गया। भ्रमण की इस कड़ी में स्कूल के प्राचार्य श्रीमती अम्मर देवी लहरे, कमल किशोर ओग्रे, श्रीमती छतेश्वरी राठौर एवं हेल्थ केयर प्रशिक्षक नुकेश कुमार फरिकार मौजूद रहे।

---

### कटघोरा वनमंडल के जटगा रेंज के ग्राम भंवरकछार व झुनकीडीह का मामला

# 53 गजराज जा धमके थे बस्ती के पास ग्रामीणों की थम गई थी सांसे, वन विभाग ने किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**चार ग्रामीणों के मकानों को हाथियों ने किया ध्वस्त, अलर्ट जारी**



रेस्क्यू किये गये ग्रामीण।

कड़कड़ाती ठंड की वजह से लोग अपने-अपने घरों में दूबके हुए हैं। इस बीच वनांचल क्षेत्र में बसने वाले दो गांव के लोग जब ठंड के बीच अपने घरों में सोए हुए थे। इसी दौरान देर रात 53 हाथियों के झुंड ने कुछ घरों को घेर लिया था। हाथियों की तेज चिंघाड़ सुनकर लोग समय दूबके हुए अपने घरों में बैठे हुए थे। वन विभाग के अधिकारियों को इसकी सूचना मिली तो वन विभाग के अधिकारियों के टीम ग्रामीणों का रेस्क्यू करने के लिए दौड़े दौड़े मौके पर पहुंची। घंटों मशक्कत के बाद हाथियों के झुंड को जंगल की ओर खदेड़ा गया। इस दौरान लगभग एक दर्जन ग्रामीणों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान में पहुंचाया गया। हाथियों के झुंड ने दो अलग अलग गांव में कुल चार मकानों को भी ध्वस्त कर दिया है। हाथियों की चिंघाड़ से वनांचल क्षेत्र में बसने वाले लोग सकते में है।

कटघोरा वन मंडल में विचरण कर रहे हाथियों का झुंड जिसमें से 53 हाथियों का झुंड लंबे समय के बाद जटगा रेंज जा पहुंचा है। 53 हाथियों झुंड ग्राम भंवरकछार व झुनकीडीह बस्ती में रात को लगभग 1 बजे जा पहुंचे थे और तेज चिंघाड़ लगाने लगे जिससे ग्रामीणों की जान पर बना आयी थी लेकिन हाथियों की ट्रैकिंग कर रहे जटगा वन परिक्षेत्र अधिकारी गजेंद्र कुमार को जैसे ही इसकी भनक लगी उन्होंने इसकी सूचना वन अधिकारी कुमार निशांत को दी और चोटिया हाथी नियंत्रण केंद्र के अधिकारी व कर्मचारियों की टीम और जटगा रेंज के अधिकारी कर्मचारियों की टीम तत्काल देर रात को मौके पर पहुंची और बस्ती को घेर कर खड़े 53 हाथियों के झुंड को हुटर के माध्यम से खदेड़ा गया। लगभग डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद किसी तरह बस्ती के ग्रामीणों को मकान से सुरक्षित रेस्क्यू कर उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। जिन ग्रामीणों का रेस्क्यू किया गया है उनमें मंगल पंडु, चंदन पंडु, रुप साय धनवार, सुकुलराम आदि शामिल है। वन विभाग के मुताबिक हाथियों के झुंड ने ग्राम भंवरकछार में दो ग्रामीणों के मकान को और ग्राम लालडीह में दो ग्रामीणों के मकानों को ध्वस्त किया है। बताया जाता है कि हाथियों का झुंड लगातार इसी गांव के आसपास विचरण कर रहा था। सुबह लगभग 4 बजे हाथियों का झुंड जब जंगल की ओर पहुंचा तब वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने राहत की सांस ली।

**ग्रामीणों को किया गया सुरक्षित रेस्क्यू**

जटगा रेंज में 53 हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। गुरुवार की देर रात लगभग 1 बजे हाथियों का झुंड दो गांव के बस्तियों के पास जा पहुंचा था। खतरे को देखते हुए गांव के लगभग एक दर्जन ग्रामीणों को सुरक्षित रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों में पहुंचाया गया है। गांव में लगातार मुनादी कर ग्रामीणों को सचेत किया जा रहा है।

\- **कुमार निशांत,** वन मंडलाधिकारी कटघोरा

**53 हाथियों का झुंड गांव के पास डाले हुए हैं डेरा**

कटघोरा वन मंडल में मौजूदा स्थिति में कुल 65 हाथियों पर झुंड विचरण कर रहा है जिसमें 53 हाथियों को झुंड जटगा रेंज में डेरा डाले हुए हैं। जबकि 12 हाथियों का झुंड पूर्व में कोरबा वन मंडल और बालको रेंज कटघोरा वन मंडल के जटगा रेंज पहुंच गया था यह रेंज पुनः जटगा रेंज से कोरबा वन मंडल पहुंच चुका है। बताया जाता है कि शुक्रवार की देर शाम 53 हाथियों का झुंड ग्राम झुनकीडीह के आसपास के जंगल में ही डेरा जमाए हुए हैं। खतरे के अंदेशा को देखते हुए चोटिया हाथी नियंत्रण केंद्र की टीम व जटगा रेंज के अधिकारी कर्मचारियों की टीम देर शाम से ही अलर्ट मोड में आ गई है। हाथी प्रभावित गांवों में पहुंचकर लोगों को मुनादी कर सजग व सावधान करने में लगी हुई है ताकि कोई बड़ी जनधन हानि न हो।

**अलाव जलाकर कर रहे हैं रतजगा**

वनांचल क्षेत्र में बसने वाले ग्रामीणों की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही है। कटघोरा वन मंडल में लंबे समय के बाद हाथियों का झुंड अक्सर एतमानगर और केंदई रेंज, पसान रेंज के आसपास ही विचरण करते रहते थे लेकिन लंबे अंतराल के बाद एक बार फिर से हाथियों का झुंड जटगा रेंज जा पहुंचा है। झुंड पिछले कुछ दिनों से यहीं डेरा जमाए हुए है। शाम होते ही हाथियों का झुंड एक्टिव हो जाता है और बस्तियों में घुसने की कोशिश करता है। हाथियों के डर से ग्रामीण अंधेरे होते ही अपने घरों के बाहर अलाव जलाकर रतजगा करने के लिए मजबूर रहते हैं।

### अमीन भर्ती परीक्षा 7 दिसंबर को

**कोरबा।** छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित अमीन भर्ती परीक्षा 7 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से 2.15 बजे तक जिले के 31 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जायेगी। जिसमें कुल 9 हजार 502 परीक्षार्थी शामिल होंगे। संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन हेतु व्यापम के निर्देषों के तहत सभी आब्जर्वर, केन्द्राध्यक्ष एवं उड़नदस्ता दल को विस्तृत प्रषिक्षण दिया जायेगा। परीक्षार्थियों के लिये निर्देष जारी किया गया है कि परीक्षा दोपहर 12 बजे से 2.15 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व 11.30 बजे बंद कर दिया जायेगा। परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचेंगें ताकि सभी अभ्यर्थिओं का मेटल डिटेक्टर तथा फ्रिस्किंग जांच किया जा सके। परीक्षार्थी को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनना होगा। फूट बियर के रूप में चप्पल पहनेंगे। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रानिक उपकरण, इलेक्ट्रानिक घड़ी, पर्स, पाउज, स्कार्फ, बेल्ट, दोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त की जायेगी। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरना होगा। भारत इलेक्ट्रानिक लिमिटेड द्वारा सभी केन्द्रों में जैमर लगाया गया है।

---

# जेवरात से भरा बैग छूटा ऑटो में, महिला ने खोया था आपा, संघ ने लौटाया बैग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक महिला अपने बच्चों के साथ ऑटो में सवार होकर कहीं जा रही थी कि अचानक ऑटो से उतारकर उसने अपना वस्त्र उतार दिया था और हंगामा करने लगी थी। जिसके बाद उसने दफ्तर पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी

**खास बात**

- आटो में छूट गया था महिला का बैग

कि उसका सोने चांदी से भरा हुआ थैला ऑटो में ही छूट गया है। जिसके बाद ऑटो संघ हरकत में आई और मामले में पतासाजी शुरू की। इस बीच महिला का छुटा हुआ बैग मिल गया। ऑटो संघ ने उस महिला को बुलाकर उसके सोने चांदी से भरा हुआ बैग को सुरक्षित वापस कर दिया है।



महिला के खोया हुआ बैग को वापस करते आटो संघ के पदाधिकारी।

उल्लेखनीय है की गुरुवार को एक महिला अपने बच्चों के साथ ऑटो में सवार होकर दर्री जा रही थी। इसी दौरान उसका बैग ऑटो में ही छूट गया था जिसमें सोने चांदी के जेवरात भी थे। जब महिला ने ऑटो वाले से बैग के संबंध पतासाजी शुरू की। जब बैग का कुछ पता नहीं चला तो महिला अपना आपा खो बैठी थी और टीपी नगर चौक के सामने अपना वस्त्र उतार कर हंगामा करने लगी थी। इसके उपरांत उसने ऑटो संघ के कार्यालय पहुंचकर बैग गुम हो जाने की सूचना पदाधिकारी को दी थी। बताया जाता है कि बैग गुम होने की सूचना पर ऑटो संघ के अध्यक्ष आजम खान, उपाध्यक्ष पंकज तिवारी, सचिव यशवंत कौशिक, कोषाध्यक्ष श्यामदास गुरुजी, सहसचिव इस्लाम कुरैशी सहित उनकी टीम ने महिला के गुम बैग की पतासाजी शुरू की और जिस ऑटो में महिला सवार थी उस ऑटो चालक का पता किया गया। आटो चालक ने बैग वापस लाकर कार्यालय में जमा किया जियके बाद महिला के संबंध जानकारी हासिल की गई और उसे आटो संघ के कार्यालय बुलाकर सोने चांदी से भरा हुआ बैग सुरक्षित उसे वापस लौटा दिया गया। संघ के सचिव यशवंत कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला का बैग गुम हो जाने की वजह से उसकी मानसिक हालत बिगड़ गई थी जिसके चलते उसने ऐसी हरकत की थी। ऑटो चालक ने उसके साथ किसी तरह का कोई भी अभद्रता व्यवहार किया था और ना ही कोई वाद विवाद हुआ था।

# कटघोरा में अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा नगर में मुख्य सड़क पर लगातार बढ़ते अतिक्रमण की समस्या को देखते हुए प्रशासन अब सख्त रुख अपनाने लगा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को एसडीएम तन्मय खन्ना के निर्देश पर नगर पालिका परिषद की टीम ने शहीद वीर नारायण चौक के पास अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। अभियान के दौरान स्वयं एसडीएम तन्मय खन्ना तथा नगर पालिका के सीएमओ मुद्रिका प्रसाद तिवारी भी मौके पर मौजूद रहे।

मुख्य चौराहे पर गर्ल्स स्कूल स्थित है, जहाँ लंबे समय से दुकानदारों द्वारा स्कूल गेट के बिल्कुल पास अतिक्रमण कर दुकानें और ठेले लगा लिए गए थे। इससे छात्राओं और शिक्षकाओं को प्रतिदिन आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। स्कूल प्रबंधन ने इस समस्या को लेकर एसडीएम एवं नगर पालिका प्रशासन से लिखित शिकायत की थी। मामले की गंभीरता को समझते हुए एसडीएम ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए, जिसके बाद नगर पालिका टीम ने अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू की। सीएमओ मुद्रिका प्रसाद तिवारी ने बताया कि नगर के बस स्टैंड और अन्य व्यस्त क्षेत्रों में भी बड़ी मात्रा में अतिक्रमण फैल चुका है। खासकर बस स्टैंड क्षेत्र में दुकानदारों द्वारा सड़क तक होर्डिंग एवं सामान फैला देने से पार्किंग की जगह नहीं बच पाती, जिसके कारण सड़क पर वाहन खड़े करने की मजबूरी होती है और जाम की स्थिति बन जाती है। नगर पालिका द्वारा इन सभी दुकानदारों को पहले ही नोटिस जारी किया जा चुका है। उन्होंने आगे बताया कि सोमवार को कटघोरा–अम्बिकापुर मार्ग पर भी बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। नगर प्रशासन का कहना है कि मुख्य मार्गों पर दुकानदारों, ठेला-खुमची कारोबारियों और सब्जी विक्रेताओं द्वारा बार-बार अतिक्रमण किए जाने से यातायात प्रभावित होता है और दुर्घटना की संभावनाएँ बढ़ती हैं। इसी कारण अब लगातार अभियान चलाकर नगर को सुचारु यातायात व्यवस्था के अनुसार व्यवस्थित किया जाएगा।



कार्यवाही करते एसडीएम।

# पेयजल चबूतरा धंसने से भ्रष्टाचार की खुली पोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत दौंदरो में विकास कार्यों में गंभीर अनियमितताओं का मामला तेजी से उभर रहा है। पंचायत मद से लगभग 2 लाख रुपये की लागत से पेयजल सुविधा के लिए बोर खनन, चबूतरा निर्माण और सिंटेक्स टैंक स्थापित किया गया था। लेकिन निर्माण की गुणवत्ता इतनी कमजोर पाई गई कि यह चबूतरा कुछ ही दिनों में दरककर



धसकने लगा, जिससे ग्रामीणों की सुरक्षा पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पूरे निर्माण कार्य में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है और निर्धारित सामग्री का सही उपयोग नहीं हुआ। परिणामस्वरूप पूरा ढांचा कमजोर साबित हो रहा है, जिससे किसी भी समय हादसा हो सकता है। मामले को लेकर जब सरपंच से जवाब मांगा गया, तो उन्होंने जिम्मेदारी से बचने का प्रयास किया। वहीं गांव में सक्रिय कुछ दलाल स्वयं को 'ऊपर तक पहुंच' वाला बताकर सरपंच और ग्रामीणों पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इनकी दबंगई से ग्रामीणों में भय और रोष दोनों बढ़ रहा है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि पंचायत में 15वें वित्त आयोग की राशि का दुरुपयोग किया गया है। कई योजनाएँ कागजों में पूर्ण दिखा दी गई हैं, जबकि वास्तविकता में कार्य अधूरे या अत्यंत निम्न गुणवत्ता के हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है, ताकि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच हो सके, दोषियों पर कार्रवाई हो और पेयजल व्यवस्था को सुरक्षित रूप से बहाल किया जा सके।

### 10वीं एवं 12वीं के कमजोर विद्यार्थियों के लिए संचालित की जाएंगी कक्षाएं

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसन्त ने बोर्ड परीक्षाओं से पहले कक्षा 10वीं एवं 12वीं के कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष तैयारी कक्षाएं प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने एसडीएम तथा जिला शिक्षा अधिकारी को स्थल चयन, बैठने-खाने की व्यवस्था तथा लेक्चरर चयन की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। छमाही परीक्षा उपरांत 20 दिसम्बर से कक्षाएं प्रारंभ की जाएंगी। कलेक्टर श्री वसन्त ने बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की भी समीक्षा की।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना


प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

### पारिवारिक विवादों से जुड़े मामलों का हुआ निपटारा

# महिला आयोग की 11वीं जनसुनवाई, पीड़िताओं को मिला न्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभा कक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। यह प्रदेश स्तर पर 354वीं और जिले की 11वीं जनसुनवाई रही, जिसमें महिला उत्पीड़न और पारिवारिक विवादों से जुड़े विभिन्न मामलों पर सुनवाई की गई।



जनसुनवाई में एक महत्वपूर्ण प्रकरण दीनदयाल एलआईजी हाउसिंग के मकान की रजिस्ट्री से जुड़ा था। आवेदिका की मां ने वर्ष 2014 में अनावेदक से मकान खरीदा था। कब्जा उसी वर्ष दे दिया गया, वहीं परिवार लगातार वहीं निवास कर भी रहा है, लेकिन आज तक मकान की रजिस्ट्री नहीं की गई। अनावेदक ने सुनवाई में स्वीकार किया कि उसने आवेदिका की मां से 2 लाख रुपये नगद, 3.50 लाख रुपये का चेक प्राप्त किया था। इसकी पुष्टि उसने 2023 में थाना कटघोरा को लिखे पत्र में भी की थी। हालांकि अनावेदक का दावा है कि 3.50 लाख रुपये उसके खाते में जमा नहीं हुए, और चेक डिसऑनर की कोई शिकायत भी नहीं की गई। आयोग ने अनावेदक के इस दावे को असत्य प्रतीत बताया और मामले को गंभीर माना। आयोग ने निर्देश दिए कि अगली सुनवाई जनवरी 2026 में होगी। इस दौरान अनावेदक को 23 दिसंबर 2015 के चेक के साथ सखी सेंटर में उपस्थित होना होगा। आवेदिका को अपनी बैंक स्टेटमेंट प्रस्तुत करनी होगी, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि 3.50 लाख रुपये का भुगतान वास्तव में हुआ था या नहीं। महिला आयोग को आवारा कुत्तों को भोजन कराने को लेकर भी शिकायत प्राप्त हुई थी। आयोग ने दोनों पक्षों को समझाइश देते हुए कहा कि सार्वजनिक स्थान पर रात के समय आवारा पशुओं को भोजन कराने के प्रयास बंद करें। शासन की अनुमति से निर्धारित समय में ही भोजन देने और स्थान का ध्यान रखना आवश्यक है। महिला आयोग ने बताया कि पुरुषों के घरेलू उत्पीड़न संबंधी मामलों पर भी आयोग सुनवाई करता है। हालांकि, पुरुष सीधे आवेदन नहीं दे सकते, उनके परिवार की कोई महिला सदस्य उनकी ओर से आवेदन प्रस्तुत कर सकती है। आयोग ऐसे मामलों में भी समाधान की दिशा में कार्रवाई करता है।

online Booking:-www.tripuryatra.com



बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411